# *प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद*

***श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद*** के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज ***दिनांक 15-11-2023*** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

***1-नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने का आरोपी गिरफ्तार थाना कांठः-***




अवगत कराना है कि दिनांक 15.11.2023 को वादिनी निवासी थाना कांठ क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी के साथ छेड़छाड़ करने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना कांठ पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर मु0अ0स0-376/2023 धारा 354/504 भादवि व 7/8 पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 16.11.2023 को उ0नि0 श्री विनीत कुमार थाना कांठ द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से अभियुक्त राहुल कुमार पुत्र श्री रूप सिंह निवासी मोहल्ला पट्टीवाला कस्बा व थाना कांठ जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

***2-एक राय होकर मारपीट, जानलेवा हमला करने का 01 और आरोपी गिरफ्तार थाना मूढापाण्डेः-***




अवगत कराना है कि 06.10.2023 को (दो पक्ष) द्वारा एन0एच0 24 होटल पर एक दूसरे के साथ लाठी डन्डो से मारपीट करना गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने तथा एक व्यक्ति द्वारा तमन्चे से फायर कर देने के सम्बन्ध में थाना मूढापाण्डे पर मु0अ0सं0-0282/2023 धारा - 147/148/149/352/336/323/504/506/307 भादवि व 07

आपराधिक कानून (संशोधन अधिनियम) व 3/25 शस्त्र अधिननियम पंजीकृत किया गया था। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में दिनांक 09.10.2023 को थाना मूढ़ापाण्डे पुलिस द्वारा 02 अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जा चुका है । आज दिनांक 16.11.2023 को उ0नि0 श्री ध्यानपाल सिंह थाना मूढ़ापाण्डे द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से अभियुक्त -फरमान पुत्र कल्लू निवासी ग्राम बैरवा थाना सैफनी जनपद रामपुर को 01 तमन्चा .315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

**3-दिनांक 13.11.2023 को थाना पाकबड़ा क्षेत्रान्तर्गत डान वास्को स्कूल में महिला के शव मिलने की घटना के हत्यारोपी को थाना पाकबड़ा पुलिस ने किया गिरफ्तार।**



अवगत कराना है दिनांक 13.11.2023 को थाना पाकबड़ा क्षेत्रान्तर्गत डान वॉस्को अकेडमी में एक महिला का शव मिलने की सूचना यूपी-112 एवं थाना पाकबड़ा पुलिस को प्राप्त हुई थी । इस पर स्थानीय पुलिस व फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा साक्ष्य संकलित किये गये तथा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। वादी शैलेश कुमार विद्यार्थी पुत्र श्री कामेश्वर सिंह विद्यार्थी, मैरेडियन ग्रीन अपार्टमेन्ट आदर्श विहार, कालोनी रूकनपुरा, थाना रूपसपुर, जिला पटना (बिहार) की तहरीर के आधार पर थाना पाकबड़ा पर मु0अ0स0 372/2023 धारा 302 भादवि पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी हाईवे के नेतृत्व एवं पर्येवेक्षण में थाना पाकबड़ा पुलिस द्वारा आज दिनांक 16.11.2023 को अभियुक्त मौ0 अबिदूसुभान उर्फ बब्बु पुत्र राशिद निवासी मालीवाला चौक शनिवार का बाजार कस्बा थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद उम्र करीब 50 वर्ष को गिरफ्तार किया गया ।

**पूछताछ का विवरणः-**

अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि अभियुक्त मौ0 अबिदूसुभान उर्फ बब्बु व मृतका में पार्टनिरशिप में स्कूल में पैसे लगाये थे, लेकिन सारी सम्पत्तियां मृतका के नाम पर ही रजिस्टर्ड थी। मृतका स्कूल संचालिका थी उसका निवास स्थान स्कूल में ही था, अभियुक्त स्कूल के मैनेजर के तौर पर कार्य करता था। दोनों के द्वारा हाल ही में स्कूल के बराबर में ही एक प्लाट खरीदा था । दोनों में अनबन हुई तो मृतका सारी सम्पत्ति अपने भाई के नाम कराना चाहती थी । इसी कारण अभियुक्त ने सम्पत्ति हड़पने के उद्देश्य से

दिनांक 12.11.2023 की सुबह में उसके निवास स्थान पर मृतका को गोलिया/कमेकल खाने के साथ देकर तथा तकिया से मुंह दबाकर हत्या कर दी थी। हत्या करने के बाद अभियुक्त मौ0 अबिदूसुभान उर्फ बब्बु द्वारा इसकी सूचना परिजनों को शाम तक नहीं दी गई जब मृतका की बहन मधु उर्फ श्वेता का फोन दीपावली विश करने के लिये मृतका को आया तो अभियुक्त मौ0 अबिदूसुभान उर्फ बब्बु ने फोन को रिसीव किया तो बताया कि 10 मिनट के बाद काल करूंगा। फिर दोबारा फोन करने पर अभियुक्त ने बताया कि मृतका नहीं रही मैं इसका क्रियाक्रम कर देता हूं। परिजनों द्वारा मना किया गया, दिनांक 13.11.2023 को सुबह 6-7 बजे घटनास्थल पर मृतक के भाई द्वारा पहुंचकर पुलिस को सूचना दी गई थी।

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

मौ0 अबिदूसुभान उर्फ बब्बु पुत्र राशिद निवासी मालीवाला चौक शनिवार का बाजार कस्बा थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद

**बरामदगी का विवरणः-**

हत्या में प्रयुक्त एक तकिया व एक मोबाईल

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम थाना पाकबड़ा-**

1-प्रभारी निरीक्षक श्री राजीव कुमार शर्मा

2-उ0नि0 श्री कुलदीप तोमर व उ0नि0 श्री लोकेश कुमार

3-हे0का0 रविन्द्र कुमार व का0 सतेन्द्र कुमार